CAMBRIDGE
International Education

# Cambridge IGCSE™

CANDIDATE NAME

CENTRE NUMBER | CANDIDATE NUMBER

*0123456789*

**HINDI AS A SECOND LANGUAGE** **0549/01**

Paper 1 Reading and Writing **For examination from 2027**

SPECIMEN PAPER **2 hours**

You must answer on the question paper.

No additional materials are needed.

**INSTRUCTIONS**

- Answer **all** questions.
- Use a black or dark blue pen.
- Write your name, centre number and candidate number in the boxes at the top of the page.
- Write your answer to each question in the space provided.
- Do **not** use an erasable pen or correction fluid.
- Do **not** write on any bar codes.
- Dictionaries are **not** allowed.

**INFORMATION**

- The total mark for this paper is 60.
- The number of marks for each question or part question is shown in brackets [ ].


This document has **16** pages. Any blank pages are indicated.

© Cambridge University Press & Assessment 2024

**अभ्यास 1**

'राखी का त्योहार' आलेख को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**राखी का त्योहार**



त्योहार सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना के प्रतीक होते हैं। इसलिए वे धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक घटना विशेष से संबंधित होते हैं। कुछ त्योहार ऋतु विशेष का पर्व मनाते हैं, जैसे कि वसंत ऋतु के आगमन पर वसंत पंचमी का त्योहार मनाना। सभी त्योहारों के पीछे मानव प्रकृति से जुड़ा कोई न कोई विशेष प्रयोजन होता है। त्योहारों का महत्व सामाजिक सद्भावना और मेल-मिलाप के लिए होता है। भारतवर्ष में मानवीय मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले त्योहारों की ऐसी शृंखला है कि एक त्योहार संपन्न होने के साथ ही दूसरे की शुरुआत हो जाती है। इसलिए कहावत है कि साल के 365 दिनों में 366 त्योहार मनाए जा सकते हैं। प्राचीन काल से चला आने वाला राखी या रक्षा बंधन एक ऐसा त्योहार है जो भारत के अतिरिक्त नेपाल और मलेशिया में भी समाज के सभी वर्गों में उत्साह और आनंद पूर्वक मनाया जाता है। जो लोग भारत से बाहर के देशों में प्रवास करने लगे हैं वे अपनी अगली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपरा से जोड़े रखने के लिए विदेश में रह कर भी राखी का त्योहार मनाते हैं।

ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक के अतिरिक्त इस त्योहार का पारिवारिक महत्व भी है। 'राखी' शब्द संस्कृत के 'रक्षा' शब्द से बना है और 'बंधन' का तात्पर्य बाँधने से है। इस प्रकार रक्षा बंधन का संबंध रक्षा के लिए तत्पर रहने से है और यह इस त्योहार को मनाए जाने की मूल भावना का द्योतक भी है। सावन मास की पूर्णिमा के दिन बहनें अपने भाई को रोली और चावल से टीका लगाकर उसकी दाहिनी कलाई में राखी का पवित्र सूत्र बाँध कर लंबी आयु और सुखद भविष्य की कामना करती हैं। भाई भी अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में अपनी बहन को उपहार और धन राशि देने के साथ उसकी रक्षा करने का वचन देता है। कहीं-कहीं ब्राह्मण भी घर-घर जाकर यजमान को राखी बाँधते हैं। वस्तुत: यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम के बंधन का प्रतीक है।

इस दिन कई ग्रामीण क्षेत्रों में मेले लगते हैं जहाँ बच्चों के खिलौने, रंग बिरंगे रेशम और सुनहरे तारों से बनी राखियाँ और मिठाइयाँ ख़रीदने वालों की लंबी कतार लगी रहती है। घरों में सुबह-सुबह सफाई, सजावट और पारंपरिक स्वादिष्ट पकवान बनते हैं। कुछ परिवार अभी भी उस दिन खीर बनाने की परंपरा का पालन करते हैं। बच्चे त्योहार के नये-नये कपड़े पहनते हैं और विवाहित स्त्रियाँ सज सँवर कर तैयार होकर अपने भाई के घर जाकर भाई तथा भाभी को राखी बाँध कर अपने स्नेह बंधन का उत्सव मनाती हैं। समय बदलने के साथ पारंपरिक त्योहारों को मनाने के तरीकों और लोगों की सोच में भी बदलाव आए हैं। आजकल राखी का त्योहार भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक के साथ, बहन-बहन के प्रेम, दोस्तों की पारस्परिक मित्रता और देश प्रेम की भावना के उत्सव के रूप में भी मनाया जाने लगा है। देशप्रेम की भावना से प्रेरित महिलाएँ देश की सुरक्षा में सीमा पर तैनात सैनिकों को राखी भेज कर उनकी मंगल कामना करती हैं। इन सबके पीछे एकमात्र संवेदना पारस्परिक स्नेह और सुरक्षा की भावना का उत्सव मनाना है।

© Cambridge University Press & Assessment 2024

1 त्योहारों का समाज में किसलिए महत्व होता है?

........................................................................................................................................ [1]

2 साल के 365 दिनों में 366 त्योहार मनाया जाना क्या साबित करता हैं?

........................................................................................................................................ [1]

3 रक्षा बंधन किस दिन मनाया जाता है?

........................................................................................................................................ [1]

4 रक्षा बंधन के त्योहार के पीछे मूल भावना क्या है?

........................................................................................................................................ [1]

5 गाँवों में रक्षा बंधन पर क्या होता हैं?

........................................................................................................................................ [1]

6 आज के समय में राखी किन नये रिश्तों का प्रतीक बन गई है? कोई तीन बातें लिखिए।

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................ [3]

[पूर्णांक 8]

## अभ्यास 2

गोवा यात्रा के विषय में तीन पर्यटकों के अनुभव 'गोवा का समुद्रतट और उसके परे' (**A–D**) पढ़िए और प्रश्न **7(a)–(i)** के उत्तर लिखिए।

गोवा का समुद्रतट और उसके परे

**A आलोक**

भारत अपने विशाल, घनी आबादी वाले शहरों के लिए जाना जाता है, पर शहरों की ऊँची इमारतों और प्रदूषित हवा से दूर अंगूठी में जड़े नगीने की तरह इसके दक्षिण-पश्चिमी तट पर छोटा सा राज्य गोवा अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण विदेशी, विशेष रूप से ब्रितानवी पर्यटकों को आकर्षित करता आ रहा है। इसका गर्म और बरसाती जलवायु, हमेशा हरी रहने वाली घाटियों, लहराते नारियल के ताड़ के पेड़ों, ऐतिहासिक वास्तुकला, रेतीले समुद्रतटों, नीले पानी और सर्वोपरि स्वच्छंद जीवन शैली का आनंद लेने के लिए मैं अपने तीन दोस्तों के साथ गोवा घूमने गया। सुना था कि गोवा में रात-रात भर पार्टियाँ होती हैं और सूरज तो अपने समय से ही निकलता है, पर सैलानियों की सुबह देर से होती है। मेरे लिए यह एक अत्यंत रोमांचक और नया अनुभव था। मैंने इसका जी भर के आनंद लिया।

**B सत्यम**

मेरे लिए गोवा का सबसे बड़ा आकर्षण वहाँ के स्वच्छ समुद्रतट पर लहरों के निमंत्रण पर उनके संगीतमय उतार- चढ़ाव के साथ क्रीड़ा करना और दिन ढलने पर सूरज के लाल गोले का धीरे-धीरे महासागर की नीलिमा में विलीन होने के अद्‌भुत विस्मयकारी दृश्य का साक्षी बनना था। सिंक्वेरिम के समुद्र तट में स्कूबा डाइविंग, वॉटर-स्कीइंग, विंडसर्फिंग आदि जैसी जल क्रीड़ा गतिविधियों का आनंद अभूतपूर्व था। गोवा के प्रसिद्‌ध सी फूड रेस्तराँ में ताज़ा मछली, स्थानीय मसालों, नारियल और सूखी खटाई कोकम जैसी सामग्री से बने गोवा के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखना एक सुखद अनुभव था। वहाँ के संगीत उत्सव में सुनी मधुर धुन अब भी मेरे कानों में गूँज रही है।

**C आनंद**

डिस्को से लेकर नाइट क्लबों तक, गोवा में आपके मनोरंजन के लिए सब कुछ है। आप निश्चित रूप से अपना मनपसंद संगीत सुन सकते हैं। बड़ी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती करने आते हैं। सूर्यास्त के कुछ घंटों पहले समुद्र तट पर आयोजित प्रसिद्‌ध पिस्सू बाज़ार एक प्रकार का समुद्र तटीय समारोह है। यहाँ शिल्पकार हाथ से बने सामान बेचते हैं और संगीतकार अपनी कला के प्रदर्शन द्‌वारा पर्यटकों का मनोरंजन करते हैं। स्वच्छ नीले सागर के रेतीले तट, गोवा में अपना दिन समाप्त करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता। समुद्र तट पर आप प्रसिद्‌ध अंजुना बाज़ार घूमने का आनंद ले सकते हैं। अंजुना बाज़ार तीन दशकों से अधिक की एक परंपरा है, गोवा के एक खास समुदाय के लोगों ने अपने प्रवासकाल में धन अर्जित करने के लिए सामान बेचना शुरू किया। लेकिन अब यह केवल किसी एक वर्ग के स्थानीय सामान से नहीं बल्कि कश्मीर, राजस्थान, केरल आदि के बहुत से उत्पादों से भरा रहता है। मोलभाव करना तो बिल्कुल ही ना भूलें। स्मृति चिन्ह खरीदने की कोशिश करें। बाज़ार के अलावा, अंजुना समुद्र तट पर कई प्रकार के वाटर स्पोर्ट्स उपलब्ध हैं। कैफ़े, बाज़ार, हरियाली और चकाचौंध यहाँ इतना घना और सुंदर वातावरण बनाते हैं कि आप इस समुद्र तट से बच नहीं सकते हैं।

**D धीरेन.**

मेरे लिए जो चीज सबसे अहम है वह है गोवा का समृद्ध इतिहास और वास्तुकला। पुर्तगाल का उपनिवेश होने के कारण गोवा भारत के अन्य प्रांतों से भिन्न है जो ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थे। पुर्तगाली प्रभाव उपनिवेशवादियों की वास्तुकला, भोजन, धर्म और संस्कृति के चिन्ह के रूप में सर्वत्र विद्यमान हैं। पुर्तगाली विरासत, खास मसालों के प्रसिद्ध बाग़ान, चहल-पहल भरे रेस्तराँ, नाइट क्लब और बाज़ार इसे अनूठा बनाते हैं। गोवा के कैथोलिक चर्चों, मठों और राज्य के सबसे बड़े शहर, पुर्तगाली अन्वेषक वास्को डी गामा के नाम में पुर्तगाली संस्कृति का प्रभाव प्रत्यक्ष है। यहाँ की सँकरी गलियों से गुजरते समय पुर्तगाली साम्राज्य के अवशेष, पुराने चर्च, कला दीर्घाएँ, छोटी सराय, स्लेट-टाइल वाली छतों के साथ गहरे रंग के लकड़ी के दरवाज़े और बालकनियों वाले चमकदार नीले और गहरे लाल घर, जिन पर सफेद और नीले रंग की टाइल वाली पट्टिकाओं पर अभी भी कुछ नाम अंकित हैं, पुर्तगाली औपनिवेशिक काल की वास्तुकला के इतिहास की खोज करने के अवसर प्रदान करते।

**7** नीचे दिए गए वक्तव्यों के लिए सही अक्षर **A**, **B**, **C** या **D** लाइन पर लिखिए। कौन सा व्यक्ति यह सूचना देता है?

**(a)** समुद्रतट पर सूर्यास्त देखने का अनुभव चमत्कारिक है। .......... [1]

**(b)** गर्मी और बारिश के मौसम के कारण यहाँ सदा हरियाली रहती है। .......... [1]

**(c)** गोवा पर कभी ब्रिटिश सरकार का शासन नहीं था। .......... [1]

**(d)** बड़े शहरों की घुटन से बचने के लिए गोवा एक आदर्श स्थान है। .......... [1]

**(e)** यहाँ अधिकांश लोग मौज-मस्ती करने, पर कुछ वास्तुकला के लिए आते हैं। .......... [1]

**(f)** यहाँ के बाज़ारों में स्थानीय उत्पाद के साथ सभी जगह के सामान बिकते हैं। .......... [1]

**(g)** गोवा मसालों के उत्पादन के लिए जाना जाता है। .......... [1]

**(h)** गोवा के जल-साहसिक-खेल बहुत आनंददायक होते हैं। .......... [1]


**(i)** गोवा में समुद्रतट सारी गतिविधियों का केंद्र है। .......... [1]

[पूर्णांक 9]

**अभ्यास 3**

'आकाश में उपग्रहों (सैटेलाइट) की भीड़' आलेख को पढ़िए और अगले पृष्ठ पर दिए शीर्षकों पर संक्षिप्त नोट लिखिए।

**आकाश में उपग्रहों (सैटेलाइट) की भीड़**



पृथ्वी के परिक्रमा पथ में आठ हज़ार से अधिक उपग्रह हैं, सन 2019 से उनमें चार गुणा वृद्धि हुई है, और अगले दस वर्षों में उनकी संख्या में अधिक तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है। इस दशक के अंत तक रात के आकाश में उपग्रहों की संख्या इतनी अधिक हो जाएगी कि आकाश के तारे अवरुद्ध हो जाएँगे और खगोल वैज्ञानिक आकाश में पृथ्वी के बाहर के जीवन और ब्रह्माण्ड का अवलोकन करने में असमर्थ हो जाएँगे। कुछ चार लाख नये उपग्रहों को विश्व स्तर पर पृथ्वी के निचले परिक्रमा पथ के लिए निश्चित किया गया है, अकेले स्पेस एक्स अपने स्टार लिंक इंटरनेट तारामंडल के लिए अतिरिक्त चवालीस हज़ार उपग्रह उतारने के लिए तैयार है।

उपग्रह सूर्य के प्रकाश को वापस पृथ्वी पर प्रतिबिम्बित करते हैं। खगोल वैज्ञानिक उनसे बनाने वाली चमकीली रेखाओं से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि वे दूरबीन के दृश्य क्षेत्र के सामने आ जाती हैं। अर्थात इंटरनेट उपग्रह संवेदनशील रेडियो दूरबीनों में भी हस्तक्षेप कर सकते हैं।

सचमुच, जीवन की उत्पत्ति की खोज करना एक दूर की बात हो सकती है, लेकिन यदि आपके पास अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली और शोरगुल वाला आकाश है तो अन्य सभ्यताओं के संकेतों का पता लगाना कठिन हो जाता है। प्रकाश प्रदूषण के विपरीत आप इससे दूर नहीं हो सकते, क्योंकि आप पृथ्वी पर कहीं भी हों, आप आकाश से दूर नहीं हो सकते।

यहाँ तक कि अंतरिक्ष में दूरबीनों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जब उपग्रह अधिक संख्या में गुजरते हैं तो हब्बल दूरबीनों से ली गई छवियाँ तक भी अक्सर बिगड़ जाती हैं।

इंटरनेट उपग्रहों से आने वाली प्रकाश किरण या डाउनलिंक बीम उन संवेदनशील स्रोतों की तुलना में लाखों गुणा अधिक शक्तिशाली हैं जिनका पता लगाने के लिए रेडियो टेलीस्कोप प्रयास कर रहे हैं। यह अंतरिक्ष से संकेतों का पता लगाने की क्षमता में अत्यधिक बाधक या भ्रमित करने वाला हो सकता है।

यदि हम इसे अनियंत्रित छोड़ देते हैं, तो यह एक सांस्कृतिक मुद्दा भी है। यदि आप उस बिंदु पर पहुँचते हैं जहाँ उपग्रह आकाश में घूमने वाले तारों का लगभग 10 प्रतिशत बनाते हैं, तो यह आकाश के प्राकृतिक दृश्य में काफी दखल देने वाला और हानिकारक होगा।

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में भौतिकी और खगोल शास्त्र के प्रोफेसर टोनी टायसन ने कहा, 'अगर आप 2030 में किसी अंधेरी जगह पर निकल जाएँ और आसमान की तरफ देखें तो यह बहुत ही भयानक दृश्य होगा। आकाश में गतिमान उपग्रह रेंग रहे होंगे और आपको बहुत कम तारे दिखाई देंगे। यदि इस पर वैश्विक स्तर पर नियंत्रण नहीं किया गया तो संभव है कि हम दशक के अंत तक पृथ्वी के परिक्रमा पथ में सैकड़ों हजारों उपग्रह देखेंगे।'

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

| |
|---|
| विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि उपग्रहों की भरमार से न केवल खगोल विज्ञान को नुकसान होगा बल्कि यह रात्रि-आकाश को हमेशा के लिए बदल सकता है। वैज्ञानिक पृथ्वी के परिक्रमा पथ से बाहर हो रहे उपग्रहों की भारी संख्या को लेकर भी चिंतित हैं। |

कल्पना करें कि आप अपने सहपाठियों को 'आकाश में उपग्रहों की भीड़' के बारे में एक वक्तव्य देने वाले हैं। आलेख के शब्दों की सहायता से कुछ नोट बनाइए।

प्रत्येक शीर्षक के अंतर्गत संक्षिप्त नोट बनाइए।

**8** अंतरिक्ष में उपग्रहों की वर्तमान स्थिति और तकनीकी समस्या:

उदाहरण : आकाश में उपग्रहों की संख्या में वृद्धि होना

- ..........................................................................................................................
- ..........................................................................................................................
- ..........................................................................................................................

[3]

**9** भविष्य में सांस्कृतिक मुद्दा

- ..........................................................................................................................
- ..........................................................................................................................
- ..........................................................................................................................
- ..........................................................................................................................

[4]

[पूर्णांक 7]

**अभ्यास 4**

शहरों में वन्य-जीवन पर नरेंद्र द्वारा लिखे ब्लॉग को पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**शहरी पारिस्थितिकी**

मैं एक 'नगर पर्यावरणविद' हूँ, जिसका काम तेजी से होने वाले व्यापक शहरी विकास से वन्य जीवन पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है। इस जानकारी का उपयोग योजनाकारों को यह सलाह देने के लिए किया जाता है कि हमारे शहरों को किस प्रकार से विकसित किया जाए जिससे मनुष्यों की आबादी के साथ-साथ वन्य जीवों का अस्तित्व भी बना रह सके। यह शायद ऐसा कुछ नहीं है जिसके बारे में आपने सुना हो; आखिर शहरी क्षेत्र वह अंतिम जगह है जिसे अधिकांश लोग पशु संरक्षण से जोड़ते हैं। निश्चित रूप से यह धारणा मुझे कम से कम नियमित रूप से उन लोगों से मिलती है जिनसे मैं बात करता हूँ। अत: मुझे किसी भी ऐसे व्यक्ति से बात करने में हमेशा खुशी होती है जो पार्क और सार्वजनिक स्थानों में रहने वाली प्रजातियों में हमारी रुचि साझा करता है। हमारे आसपास पाए जाने वाले वन्यजीवों की विविधता विस्मयकारी है!

कई संरक्षणवादियों या पारिस्थितिकीविदों के विपरीत, मैंने शहरी वातावरण में हमेशा सहजता का अनुभव किया है। उपनगरों में बड़ा होने का मतलब था कि मैं और मेरे दोस्त हमारे शहर के हर हिस्से से परिचित थे। लेकिन मेरे लिए अपने पड़ोस का विस्तृत वन भी उतना ही महत्वपूर्ण था जहाँ साइकिल द्वारा पहुँचा जा सकता था। मेरे माता-पिता अक्सर मुझे वहाँ ले गए ताकि मैं कुछ ऊर्जा खर्च कर सकूँ और जहाँ खोजबीन करने की आज़ादी मिल सके। जैसे-जैसे मैं बड़ा होता गया, इन अलग-अलग वातावरणों तक पहुँचने की आसानी अपने भविष्य के बारे में सोचने की प्रेरणा में सहायक हुई। फिर मैंने एक कॉलेज खोजा जहाँ शहरी पारिस्थितिकी डिग्री का पाठ्यक्रम उपलब्ध था और यह एकदम आदर्श मेल लगा। मेरा निर्णय हो गया था!

मैंने अपने पाठ्यक्रम का पूरा आनंद लिया, और यह मेरा सौभाग्य है कि तब से मुझे कई तरह की रोचक परियोजनाओं से जुड़ने का मौका मिला - उदाहरण के लिए तंज़ानिया में जिराफ, या संयुक्त राज्य अमेरिका में तितलियों की शहरी आबादी के साथ काम करना। लेकिन किसी भी परियोजना के सहयोगी भी उसे विशेष बनाते हैं। मैंने कई ऐसे लोगों के साथ काम किया है जिन्होंने पशु-संरक्षण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया है। यहाँ तक कुछ तो ऐसे विशेषज्ञ हैं जिनके शोध निष्कर्ष मेरी डिग्री की पाठ्य पुस्तकों में शामिल थे! जब मैंने अपनी पहली परियोजना शुरू की, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं, मैं लगातार दूसरों की राय तलाश करता था, लेकिन मुझे जो प्रोत्साहन मिला, उसका परिणाम है कि अब मैं अपने निर्णय पर भरोसा करता हूँ। और अपने समूह के दूसरे सदस्यों का सम्मान प्राप्त करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।

मैं अब उस चरण में हूँ जहाँ मैं अपनी परियोजनाएँ स्वयं चलाता हूँ, लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था। वास्तव में, कई स्नातकों की तरह, मैंने भी तकनीशियन की भूमिका निभाकर योजना कार्य के नियमित और कम रोचक भागों को करने से शुरुआत की थी। बहुत कम वेतन मिलना कुछ असुविधाजनक है लेकिन यह आपको सिखाई गई तकनीकों में सुधार करने के अच्छे अवसर देता है। शीघ्र ही आप अधिक जिम्मेदारी लेने की स्थिति में होंगे। हालाँकि शुरुआत में आप आँकड़े जमा करने, उपकरण की जाँच और स्थापना करने जैसे काम करेंगे जो पहले लगभग सभी ने अवश्य किए होंगे।

मैं अपने काम से प्यार करता हूँ, लेकिन मैं यह जानता हूँ कि यह हर किसी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता है। उदाहरण के लिए, हर परियोजना एक नई पहेली है, जिसके लिए ढेरों जानकारी इकट्ठा करना और अक्सर प्रकाशित लेख पढ़ने होते हैं। और यह महत्वपूर्ण है - उदाहरण के लिए, आप एक प्रजाति की सुरक्षा के तरीके देख रहे होंगे जो अन्यथा एक नई निर्माण परियोजना से खतरे में पड़ सकती है। और इमारत

निर्माण कंपनी या यहाँ तक स्थानीय प्रशासन के दबाव के बावजूद कुछ चीज़ों में जल्दबाज़ी नहीं की जा सकती। हमारे संसाधनों में उपग्रहों से लिए गए चित्र और प्रौद्योगिकी के अत्यंत विकसित स्वरूप शामिल हैं; लेकिन अक्सर अधिकांश काम केवल किसी व्यक्ति द्वारा सभी मौसमों में बाहर खड़े होकर ही किया जा सकता है। लेकिन मेरे लिए यह ठीक है। दूसरी ओर कार्यालय में एक कम्प्यूटर के सामने सारा दिन काटने को मैं एक दुःस्वप्न कहूँगा!

**10** जब नरेंद्र लोगों को अपना काम समझाता है तो आमतौर पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होती है?

**A** वे ऐसे करियर की मौजूदगी से अनजान होते हैं। ☐

**B** वे ऐसे पेशे की सार्थकता के प्रति अनिश्चित प्रतीत होते हैं। ☐

**C** वे शहरी वन्य जीवन के अपने अनुभवों को साझा करने को उत्सुक होते हैं। ☐

[1]

**11** नरेंद्र के अनुसार उसके करियर के चुनाव को किसने प्रभावित किया?

**A** अपने दोस्तों के साथ उसके प्रारंभिक असाधारण अनुभव ☐

**B** उसके परिवार का प्राकृतिक जगत के प्रति प्रेम ☐

**C** उसके बचपन के घर की स्थिति ☐

[1]

**12** अनुच्छेद 3 में, नरेंद्र ने कुछ सहयोगियों का उल्लेख किया है कि कैसे:

**A** वे उसके साथ ज्ञान साझा करने में प्रसन्न थे। ☐

**B** उन्होंने कुछ आत्मविश्वास पाने में उसकी मदद की। ☐

**C** उन्होंने एक समूह के हिस्से के रूप में अच्छी तरह से काम किया। ☐

[1]

**13** अनुच्छेद 4 की चौथी पंक्ति में 'यह' से क्या तात्पर्य है?

**A** तकनीशियन की भूमिका निभाना ☐

**B** काफी कम वेतन होना ☐

**C** सिखाई गई तकनीकों में सुधार करना ☐

[1]

**14** नरेंद्र का मानना है कि उसका काम उनके लिए उपयुक्त है:

**A** जिन लोगों में बहुत धैर्य है। ☐

**B** जिनको शारीरिक रूप से सक्रिय होना पसंद है। ☐

**C** जो हमेशा तकनीक के साथ काम करना पसंद करते हैं। ☐

[1]

**15** नरेंद्र के इस ब्लॉग को लिखने का मुख्य कारण क्या था?

**A** शहरी वन्य जीवन के बारे में लोगों को शिक्षित करना। ☐

**B** अपने व्यक्तिगत अनुभवों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना। ☐

**C** संरक्षण परियोजनाओं में भागीदारी को प्रोत्साहित करना। ☐

[1]

[पूर्णांक 6]

© Cambridge University Press & Assessment 2024

Turn over

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

**अभ्यास 5**



**16** साइकिल चलाते समय आप अपनी साइकिल से गिर गए। अपने मित्र को यह बताने के लिए एक ईमेल लिखें।

आपके ईमेल में निम्नलिखित बातें सम्मिलित होनी चाहिए:

- वर्णन करें कि आप क्या कर रहे थे
- क्या हुआ
- आपने स्थिति का सामना कैसे किया।

ईमेल लगभग 120–160 शब्दों में लिखिए।

आपको अंतर्वस्तु के लिए अधिकतम 6 अंक और भाषा के लिए अधिकतम 9 अंक दिए जाएँगे।

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

[15]

[पूर्णांक: 15]

**अभ्यास 6**

**17** 18–24 वर्ष के दो हज़ार युवाओं के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 32 प्रतिशत का कहना था कि वे विश्वविद्यालय नहीं जाना चाहते हैं। उच्च शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण और उसे बदलने के लिए सुझाव देने के बारे में एक रिपोर्ट लिखिए।

नीचे आपके सहपाठियों की कुछ टिप्पणियाँ हैं।

उच्च शिक्षा की लागत बहुत अधिक है।

बहुत सारे स्नातक बेरोजगार घूम रहे हैं।

एक अच्छे संस्थान में प्रवेश लेना बहुत प्रतिस्पर्धात्मक है।

विद्यार्थी-काल में लिए ऋण को पूरे जीवन भर चुकाना पड़ता है।

अब अपने स्थानीय समाचार पत्र के लिए एक रिपोर्ट लिखिए।

ऊपर दी गई टिप्पणियाँ आपको कुछ विचार दे सकती हैं, और आपको अपने स्वयं के कुछ विचारों का उपयोग करना चाहिए।

लगभग 120–160 शब्दों में लिखिए।

आपको रिपोर्ट की अंतर्वस्तु के लिए अधिकतम 6 अंक और भाषा के लिए अधिकतम 9 अंक दिए जाएँगे।

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

[15]

[पूर्णांक 15]

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (Cambridge University Press & Assessment) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

Cambridge International Education is the name of our awarding body and a part of Cambridge University Press & Assessment which is a department of the University of Cambridge.

© Cambridge University Press & Assessment 2024 